## खबर संक्षेप

### लोक तंत्र सेनानी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**मण्डला।** संविधान दिवस के अवसर पर लोक तंत्र सेनानी संघ मण्डला द्वारा, कलेक्टर मण्डला के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए जून 1975 में लगाए गए आपातकाल पर सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने बालों में लोकतंत्र सेनानी संघ के जिला अध्यक्ष बालकृष्ण खंडेलवाल, रोचिराम गुरवानी, राजेश जैन, महेंद्र पटेल, कन्हैया झरिया, विकास खंडेलवाल, आदि उपस्थित रहे।

### सी.एम. हेल्पलाईन निराकरण में ऊर्जा विभाग मण्डला ने हासिल किया प्रदेश में प्रथम स्थान

**मण्डला।** अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) म.प्र.पू.क्षे.वि.कं.लि. मंडला ने बताया कि माह अक्टूबर 2024 की सी.एम. हेल्पलाईन संबंधी शिकायतों के निराकरण में ऊर्जा विभाग मण्डला द्वारा शिकायतों का त्वरित निराकरण करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस संबंध में शिकायतों का 99.97 प्रतिशत निराकरण करते हुए प्रदेश के समस्त जिलों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के द्वारा ऊर्जा विभाग के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) मण्डला मो. अयूब खान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। विगत माह सितम्बर 2024 में भी ऊर्जा विभाग मण्डला ने सी.एम. हेल्पलाईन त्वरित निराकरण में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया था तथा ऊर्जा विभाग विगत कई माहों से लगातार ए ग्रेड में रहकर प्रदेश में टॉप-5 में रहकर उपभोक्ताओं की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर रहा है।

### आकाशीय बिजली गिरने से घायल होने पर आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घुघरी के द्वारा आवेदिका दीप्ती पिता शालिकराम ग्राम झीना निवासी आकाशीय बिजली गिरने से घायल हो जाने के कारण आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अचानक आकाशीय बिजली गिरने से दीप्ती घायल हो गई थी।

## नियमित शिक्षक नहीं जाते शाला, रखा किराये का आदमी

# किराये का शिक्षक चला रहा स्कूल

*** अधिकारियों को ज्ञात ही नहीं या जानबूझकर कर रहे अनदेखी।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मवई

जिले का शिक्षा विभाग अध्ययन कार्य छोड़कर बाकी सभी कार्यों के प्रति गंभीर नजर आता है फिर वह कार्य निर्माण से संबंधित कमाई का हो या फिर स्थानांतरण एवं संलग्नीकरण के माध्यम से जेबें गर्म करने का हो। क्या जनप्रतिनिधि और क्या अधिकारी सभी इन कामों में तन-मन से लगे दिखाई दे रहे हैं भले ही हमारे देश का भविष्य जो कि हमारे आज के विद्यार्थी हैं उनके हितों के साथ खिलवाड़ क्यों न हो रहा हो।

बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिये शिक्षकों को सरकार भरपूर वेतन दे रही है भले ही विद्यार्थी शाला में दर्जन भर न हो लेकिन शिक्षकों के वेतन में कहीं कोई कटौति नहीं होती प्रति महीने 70 से 80 हजार रूपये वेतन के रूप में उन्हें प्राप्त हो रहा है उसके बावजूद भी यदि शिक्षक शाला तक न जायें और यह क्रम कोई एक-दो दिन नहीं बल्कि पिछले डेढ़ वर्ष से लगातार चल रहा हो तो इसे क्या कहेंगे।

स्वयं तो स्कूल जाना नहीं और स्कूल का ताला खोलने एवं बंद करने के लिये गांव के ही एक व्यक्ति को भाड़े पर रख लिया गया जो स्कूल का ताला खोलता है एवं जब मर्जी आये बच्चों की छुट्टी कर ताला बंद कर देता है इस अंधेरगर्दी का पता न तो संकुल प्रभारी को चलता है और न ही जनशिक्षक को और न ही बीएसी, बीआरसी को। आखिर यह कैसें संभव है यदि इन जिम्मेदारों की बात हम मान भी लें तो फिर यह सिद्ध होता है कि उन्होंने अपने दायित्व का निर्वाहन किया ही नहीं। मवई मुख्यालय से महज 13 किलोमीटर दूर स्कूल में इतनी बड़ी अव्यवस्था पिछले साल भर से जारी है और किसी को पता ही नहीं।



### क्या है मामला

जिले में शिक्षा विभाग के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है ताजा मामला स्कूली शिक्षा से जुड़ा हुआ। सरकारी स्कूलों में नौनिहालो के भविष्य के साथ कैसे खिलवाड़ हो रहा है। इसके बहुत से उदाहरण सामने आते रहते है। लेकिन एक अजीबो गरीब मामला मण्डला जिले से 100 किलोमीटर दूर वनांचल मवई से 13 किलोमीटर दूर सठिया ग्राम का है।

जहां प्राथमिक शाला की गजब तस्वीर सामने आई है यहां पदस्थ शिक्षको ने स्कूल जाने की बजाय एक किराए का शिक्षक लगाया हुआ है जो स्कूल खोलता है और बन्द करता है। जब मर्जी आई स्कूल की छुट्टी कर देता है एवं मन आया तो बच्चों को कभी-कभार पढ़ा देता है जबकि इस प्राथमिक शाला दो शिक्षक पदस्थ हैं इनमें से एक शिक्षक जो प्रधानाध्यापक के रूप में कार्य कर रहे हैं इनका नाम ब्रजबहादुर है ये कभी-कभार ही शाला आते हैं जब इनसे इसके बारे में बात की गई तो इनकी हेकड़ी कम नहीं हुई इन्होंने यह तो स्वीकार किया कि वे रोजाना शाला नहीं आते क्यों नहीं आते इस पर वे नाराज हो गये और कहा आपको जो छापना है छाप दीजिये मुझे जो करना है वो मैं करूंगा। दूसरे शिक्षक रायसिंह मरावी हैं जो स्कूल आते ही नहीं दोनों शिक्षकों ने एक नई व्यवस्था को जन्म दिया और गांव के ही एक युवक भूपत धुर्वे को किराये पर लगा लिया। भूपत स्कूल को खोलने से लेकर बन्द करने और कभी-कभी पढ़ाने का भी काम करते हैं।

### खण्डशिक्षा अधिकारी को नहीं जानकारी

इस पूरे मामले में जब खण्ड शिक्षा अधिकारी हरेसिंह परते से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि आज सुबह आपके संवाददाता के माध्यम से मुझे इसकी जानकारी हुई है मैं इसकी जांच कराता हूँ जब हमने पूछा कि आज तक इस संबंध के मामले में जन शिक्षक, बीएसी एवं बीआरसी द्वारा कोई रिर्पोट आपको दी गई तो उन्होंने कहा नहीं दी गई अब मुख्यालय से महज 13 किलोमीटर दूर इस तरह की स्थिति हो और खण्डशिक्षा अधिकारी को जानकारी ही न हो तो फिर शिक्षा का पूरे विकासखण्ड में क्या स्तर होगा समझा जा सकता है।

वहीं इस मामले का एक दूसरा पहलू भी है जिसमें दूसरे शिक्षक जो काफी दिनों से बीमार हैं वे शाला आने में असमर्थ हैं लिहाजा उन्होंने खण्डशिक्षा अधिकारी के भृत्य को प्रति माह 5000 रूपये देकर यह सुविधा हासिल की कि किराये का एक व्यक्ति रखकर वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर सकते हैं प्रति माह 5000 रूपये भृत्य शंकर लाल भारतीय को उनकी पत्नि देकर आती हैं यह जानकारी उक्त शिक्षक के पुत्र ने हमें फोन पर दी।

मवई मुख्यालय से 13 किलोमीटर दूर सठिया ग्राम की प्राथमिक शाला में देश के भविष्य बच्चो को न तो ढंग की शिक्षा मिल पा रही है और न ही ढंग का भोजन बच्चो के द्वारा बताया गया की रोज एक ही प्रकार का भोजन दाल चावल ही दिया जाता है ।जबकि नियमानुसार रोज बदल-बदलकर मेनू के हिसाब से अलग अलग भोजन बच्चो को दिया जाना चाहिए लेकिन शासन के नियम को धता-बताकर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के हक पर डांका डाला जा रहा और एक नई परिपाटी का निर्माण किया गया है कि हम शाला न जायें तो कोई बात नहीं किराये का एक व्यक्ति तो है जो हमारी जिम्मेदारी को पूरा कर रहा है और इस तरह हम गांव के एक बेरोजगार को रोजगार भी तो दे रहे हैं। अब यह परिपाटी कितनी सही है यह तो जिले के जिम्मेदार अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि ही बतायेंगे।

# मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने योजना भवन में संविधान दिवस की शपथ दिलाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि आज सौभाग्य का दिन है कि पूरे देश में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। संविधान निर्माण के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। जिससे हमारे देश का संविधान पूर्ण तरह से लागू हो सका। आज पूरे देश में संविधान दिवस की शपथ ली जा रही है, भारतीय संविधान में हमारे मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आव्हान है कि इस संविधान के प्रति उनमें अटूट विश्वास व श्रद्धा है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके मंगलवार को जिला योजना भवन में आयोजित संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और पत्रकारगणों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के आगमन पर उन्हें पौधा भेंट किया।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने शपथ दिलाई कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष, लोक तंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 ई. (मिती मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी संवत दो हजार छः विक्रमी) को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्म समर्पित करते हैं। इस अवसर पर संविधान पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई और राष्ट्रगान गाया गया।



## नगर में चल रही राम कथा में विधायक नारायण सिंह पट्टा ने किया व्यास पूजन........................................

**भुआबिछिया।** नगर की सरगम कॉलोनी में पिछले एक सप्ताह से चल रही राम कथा में व्यास पीठ से मानस माधुरी पण्डिता अखिलेश्वरी देवी द्वारा भगवान रामचंद्र जी की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया जा रहा है जहां श्रद्धालु विशाल संख्या में पहुंच रहे हैं इस राम कथा में धर्मप्रेमी नगरवासी इसका लाभ ले रहे हैं, इस अवसर पर आज की कथा में क्षेत्र के विधायक नारायण सिंह पट्टा भी पहुंचे और उन्होंने व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद लिया साथ ही धर्मप्रेमी श्रोताओं के बीच बैठकर कथा श्रवण की..कथा में विधायक के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र दीक्षित वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र रावत डमरू राजपूत मनराज राजपूत के साथ अन्य कार्यकर्ता गण भी साथ मौजूद रहे।



## अंर्तराष्ट्रीय आयोजन लोकमंथन में गजेन्द्र ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



गजेन्द्र ने कार्यक्रम के दौरान आर्मेनिया के प्रतिभागियों द्वारा सम्पन्न सूर्य पूजा और लिथुआनिया के प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत अग्नि अनुष्ठान में भाग लिया। शिल्पकला वेदिका में आयोजित लोकमंथन में तीन दिन में लोक विचार, लोक व्यवहार और लोक व्यवस्था पर आयोजित सत्रों में गजेन्द्र ने वक्ताओं के साथ संवाद किया। लोकमंथन में भारत के विभिन्न राज्यों और अनेक देशों के पेवेलियन, प्रर्दशनी और विभिन्न कलाओं की जीवंत प्रस्तुति शिल्प ग्राम शिल्पारामा में की गई। लोकमंथन का आयोजन प्रज्ञा प्रवाह, प्रज्ञा भारती, संस्कार भारती, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, विज्ञान भारती, भारतीय शिक्षण मंडल, अखिल भारतीय साहित्य परिषद और इतिहास संकलन परिषद ने संयुक्त रूप से मिलकर किया।भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय और उपक्रम तथा अनेक राज्य सरकारों ने आयोजन में सहयोग किया।इस आयोजन में भारत के सभी राज्यों तथा तेरह देशों के प्रतिभागियों ने सहभागिता की। विदित हो कि, लोककमंथन राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से परिपूर्ण विचारकों एवं कर्मशीलों का लोकमंच है। विगत वर्षों में यह समकालीन मुद्दों को साझा करने, बौद्धिक विमर्श तथा आख्यान के लिए सबसे बड़ा मंच बनकर उभरा है जो न केवल देश बल्कि दुनिया को भी प्रभावित कर रहा है।इस राष्ट्रीय विमर्श का मंत्र परानुभूति और जागरुकता के आधार पर उभरते राष्ट्रीय अपेक्षाओं, सामाजिक न्याय तथा सामाजिक समरसता के आधार पर विकास को माध्यम बनाते हुए सामाजिक गतिशीलता के समस्त प्रयासों का संगम है।

**फर्जीवाड़ा** | **ब्लॉक मैनेजर ने महिला समूह से मांगे 50 हजार रूपये।**

# आजीविका मिशन में जारी है भारी फर्जीवाड़ा

*** लोकोश एन्ट्री के लिये लगातार किया जा रहा परेशान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

देश की महिलायें सशक्त हों वे आर्थिक रूप से न केवल आत्मनिर्भर बनें बल्कि एक सशक्त परिवार एवं समृद्ध समाज का निर्माण कर सकें इसके लिये स्वसहायता समूह की अवधारणा पर काम किया गया और महिलाओं को स्वसहायता समूह के माध्यम से जोड़ा गया एवं विभिन्न रोजगार मूलक कार्यों का न केवल प्रशिक्षण दिया गया बल्कि उसके लिये भारी भरकम राशि भी आवंटित की गई इन समूहों के सहयोग के लिये आजीविका मिशन की स्थापना की गई ताकि इन महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके उसकी जानकारी हो सके और वित्तीय लेन-देन की गतिविधियों में दिक्कत न हो।



शौर्य भूमि

महिलाओं को काम न देकर पदाधिकारियों ने बनाया पैसा

समूह की आत्मा को मारने का प्रयास

National Rural Livelihood Mission

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन



शौर्य भूमि

आखिर क्या छुपाना चाहता है जांच दल



लेकिन जिले का दुर्भाग्य कि जिन अधिकारी-कर्मचारियों को इसकी जबावदारी शासन द्वारा दी गई वे इन समूहों की सहायता करने के स्थान पर उन्हें मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं।

स्वरोजगार के नाम पर ये समूह को तो आगे करते हैं लेकिन पूरा व्यापार स्वयं कर रहे हैं पिछले दिनों गणवेश निर्माण एवं उसके वितरण का मामला काफी सुर्खियों में रहा है जिसमें समूह से गणवेश न बनवाकर बाजार से घटिया गणवेश खरीदी गई और उन्हें स्कूलों में सप्लाई किया गया समूह के अध्यक्ष, सचिव से सिर्फ बिल बाऊचर लिये गये और उन्हें चैक दिया गया घटिया गणवेश को लेकर लगातार जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायतें भी हुई और इसकी जांच भी कराई गई लेकिन दुर्भाग्य कि अभी तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है।

गणवेश घोटाले में एक नाम बहुत चर्चित हुआ वह तात्कालीन नोडल अधिकारी योगेन्द्र तिवारी जो वर्तमान में ब्लॉक मैनेजर के रूप में कार्य कर रहे हैं इनके कारनामें अभी भी जारी है स्वसहायता समूहों की महिलाओं को प्रताड़ित करना उन्हें परेशान करना इनकी फितरत में शामिल है हाल ही में स्नेहा समूह की महिलाओं से इन्होंने 50 हजार रूपये मांगे कारण था कि इस समूह के द्वारा 2023-24 में धान खरीदी की गई थी और इस कार्य के लिये जिला पंचायत एवं जिला प्रशासन द्वारा समूह की प्रशंसा भी की गई थी यह नोडल अधिकारी को रास नहीं आया उन्होंने समूह की महिलाओं से कहा कि उन्होंने धान खरीदी में काफी कमाई की है लिहाजा मुझे रूपये चाहिये और उन्होंने 50 हजार रूपये की मांग की समूह द्वारा जब उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया गया तो उन्होंने समूह को धमकी दी कि वे आगे काम नहीं कर पायेंगे और यही हुआ गेहूं खरीदी कार्य में भी श्री तिवारी द्वारा अड़ंगा लगाया गया और समूह गेहूं खरीदी नहीं कर सका। इस वर्ष जैसे ही धान खरीदी के लिये समूह की फाईल योगेन्द्र तिवारी के पास पहुंची उन्होंने फिर से अपनी मांग दोहराई और जब पैसे नहीं मिले तो समूह की लोकोश एन्ट्री नहीं होने दी एवं रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र को फर्जी बताकर इस समूह के आस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया तथा समूह को पुलिस में शिकायत करने की धमकी दी और उन्हें धान खरीदी योग्य नहीं साबित किया।

समूह की महिलाओं द्वारा इस बात की शिकायत लिखित रूप से जिला परियोजना अधिकारी को की गई और पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग की गई है।

### इनका कहना है कि:-

*इस तरह की शिकायत हमें प्राप्त हुई है इसकी जांच कराई जायेगी और जो भी दोषी होगा उस पर कार्यवाही होगी।*

***-जिला परियोजना प्रबंधक, मण्डला***

*समूह द्वारा मेरे विरूद्ध की गई शिकायत की मुझे कोई जानकारी नहीं है इस पर मैं कुछ भी नहीं बता सकता।*

***-योगेन्द्र तिवारी- ब्लॉक मैनेजर मण्डला***

## हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम पर मनाया संविधान दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत डा. बीआर अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। कार्यक्रम केएल मरावी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। विद्यार्थियों ने संविधान और डा. अम्बेडकर पर आधारित विविध प्रस्तुतियाँ दीं। नाटक, गीत, भाषण आदि की भव्य प्रस्तुति छात्र-छात्राओं के द्वारा दीं गईं। तत्पश्चात सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अपने उदबोधन के माध्यम से मार्गदर्शित किया और हमेशा संविधान का सम्मान करने की बात कही। 2024 की थीम हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान शिक्षक केएल मरावी ने सभी को संविधान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान प्रभा परस्ते, टीएल उलाड़ी, नीलम सेन, संतोष रैदास, दीपक झारिया, पंकज गजभिये, गोविंद मरावी, जतिन जैन, बसंत आदि की उपस्थिति रही।



# फुटपाथ पर व्यापारियों ने सजाई दुकान, राहगीर हो रहे परेशान

## फुटपाथ पर व्यापारियों का कब्जा, राहगीरों सहित वाहन चालक हलाकान







### जिला मुख्यालय में यातायात व्यवस्था ध्वस्त

**जिला मुख्यालय में दिनों मुख्य मार्ग के दोनों तरफ बने फुटपाथ में व्यापारियों ने अवैध कब्जा कर दुकान सजा रहें हैं जिससे आम राहगीरों सहित वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।**

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

नगर परिषद द्वारा समय समय पर फुटपाथ में किए गए अवैध कब्जा के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है, लेकिन कार्रवाई थमते ही व्यापारियों द्वारा फुटपाथ क्षेत्र में ढांचा बनाकर सामग्री विक्रय किया जा रहा हैं, जो अब परेशानी का सबब बना हुआ हैं। नगर परिषद ने मार्गों और फुटपाथों पर अतिक्रमण को रोकने के लिए ऐसा कोई चिन्हांकन कार्य नहीं किया है, जिसे देखकर लोग स्वयं ही अतिक्रमण न करें, बतौर अगर मार्गों और फुटपाथों पर किसी भी रंग से रेखाएं बना दी जाए कि उस रेखा से आगे अतिक्रमण नहीं किया जाएगा और जो अतिक्रमण करेगा तो उसका सामान जब्त या फिर नगर परिषद अधिनियम के तहत अन्य आवश्यक कार्रवाई किए जाने की चेतावानी जारी अवैध अतिक्रमण को नियंत्रित किया जा सकता हैं । ऐसा करने से अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति को भी पता होगा कि इस चिन्हित रेखा से बाहर अतिक्रमण करने पर उसके खिलाफ कार्रवाई हो जाएगी। इसके साथ ही लोगों को भी जानकारी हो जाएगी कि इस रेखा से आगे वाहन चलने एवं पैदल राहगीरों के गुजरने के लिए रास्ता सुगम होगा ।

### वर्षों बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण

नगर परिषद को मार्गों से अतिक्रमण हटाते हुए वर्षों हो गए लेकिन अब तक अतिक्रमण नहीं हट सका । प्रशासन को अब एक मानक बनाकर मार्गों पर सड़क एवं फुटपाथ को चिन्हित करना चाहिए है ताकि व्यापारी उस रेखा के अंदर ही अपनी दुकान का सामान रखे। अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की जाए। इस प्रकार की योजना से अतिक्रमण पर काफी हद तक लगाम लगाई जा सकती है ।

### 10 फीट की दुकान,20 फीट में अतिक्रमण

शहर के मुख्य मार्ग के दोनों तरफ अधिकांश व्यापारियों ने पूरे फुटपाथ पर कब्जा जमा रखा है, जो दुकानों के क्षेत्रफल से दुगने क्षेत्र में कब्जा जमा रखे हैं, दुकानों के समान फुटपाथ तक रखते हैं जिससे पैदल राहगीरों को बीच सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे भी जाम की स्थिती निर्मित होती है ।

### शहर में नही है पार्किंग व्यवस्था

डिंडौरी को जिला बने 25 वर्ष से अधिक हो गए लेकिन आज तक नगरीय क्षेत्र का कोई मास्टर प्लान न होने से अनियोजित तरीके से शहर के विकास हो रहा है,जिसमें वाहन पार्किंग के लिए कोई स्थान ही नहीं है।इस कारण वाहन बीच सड़क पर ही खड़े रहते है जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, फुटपाथ पर तो व्यापारियों का कब्जा जिसे प्रशासन आज तक हटवाने में असफल है रहा है।

### इनका कहना है-

आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है, मैं आज ही मामले को दिखवा कर चेतावनी जारी करवाकर उक्त दुकानदारों के ख़िलाफ कार्यवाही करेंगे।

**-संतेंद्र सालवार**
**( मुख्य नगर पालिका अधिकारी)**




## शहपुरा में पानी की किल्लत से बढ़ी नगरवासियों की परेशानी, प्रशासन बेखबर

### परिषद बता रही वोल्टेज की समस्या

हरिभूमि न्यूज शहपुरा - डिंडौरी

जिले के शहपुरा नगर में इन दिनों पानी की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। नगरवासियों को एक दिन के अंतराल पर ही पानी मिल रहा है, जिससे उनका दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पानी की यह कमी नगरवासियों के लिए भारी परेशानी का सबब बन गई है, लेकिन संबंधित विभाग समस्या का समाधान निकालने में विफल साबित हो रहे हैं।नगर परिषद शहपुरा के जल प्रभारी का कहना है कि पानी की आपूर्ति में समस्या का मुख्य कारण वोल्टेज की कमी है। इस तकनीकी समस्या के कारण पानी की नियमित आपूर्ति बाधित हो रही है। हालांकि, दूसरी ओर बिजली विभाग के अधिकारी इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम उठाने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।नगरवासियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में हम पानी के लिए परेशान होते है पर ठण्ड मे इस तरह की समस्या उनके लिए गंभीर संकट खड़ा कर रही है। ष्हमारे परिवारों के लिए बुनियादी जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है। प्रशासन से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल संकट को प्राथमिकता देकर जल्द समाधान निकाला जाए। वहीं, बिजली विभाग से भी अनुरोध किया गया है कि वोल्टेज की समस्या को ठीक किया जाए ताकि पानी की आपूर्ति नियमित हो सके। अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो नगरवासी आंदोलन करने पर मजबूर हो सकते हैं।

## जल जीवन मिशन अंतर्गत जल निगम परियोजना ने जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

### विभिन्न प्रतियोगितायों का हुआ आयोजन , बच्चों को किए पुरुस्कृत

हरिभूमि न्यूज शहपुरा - डिंडोरी



जिला के शहपुरा ब्लॉक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बच्चों को विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता करवाते हुए जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया एवं प्रतियोगिता में प्रतियोगी प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को बीईओ पी डी पटेल के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।डिंडोरी जिले के ब्लॉक शहपुरा की ग्राम धनगांव रैयत की प्राथमिक स्कूल में 26 नवंबर 2024 दिन मंगलवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वयन इकाई दृ मंडला के द्वारा चलाई जा रही शहपुरा मेहंदवानी ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत पै- सेतु फाउंडेशन द्वारा जन जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत बच्चों को जल के प्रति जागरूकता हेतु स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिससे बच्चों को जागरूक किया गया एवं प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पी.डी पटेल द्वारा पुरस्कृत कराया गया तथा अन्य ग्रामों में भी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिससे जल जीवन मिशन अंतर्गत शुद्ध पेयजल के प्रति जागरूक , एवं जल संरक्षण करके प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान बी ई ओ पी. डी. पटेल,मिथलेश साहू मौजूद रहे।

# नियमों को ताक पर रख कर शैक्षणिक संस्थाएं हो रहे संचालित

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी अमरपुर।



शासन प्रशासन स्तर से शैक्षणिक संस्थाओं को सुंद्रण एवं सुविधायुक्त बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही हैं। शिक्षा के लिए पर्याप्त आवांटन उपलब्ध कराया जा रहा हैं। परंतु जिम्मेदारी जिन्हें सौपी गई हैं, वही नियम निर्देशों को अनदेखा कर अपने स्वार्थ में मनमानी तरीके से शैक्षणिक संस्थाओं का संचालन किया जा रहा हैं। जिससे ग्रामीण आदिवासी छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा हैं। वर्तमान समय में जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर के अधिकांश विद्यालय मनमानी तरीके से संचालित हो रहे हैं। शासन के निर्देशानुसार अतिथि शिक्षक प्रशिक्षित होना अनिवार्य हैं। परंतु संकुल केन्द्र मोहगांव सिधौली अंतर्गत बैगान टोला प्राथमिक शाला में अप्रशिक्षित को ही अतिथि शिक्षक के रूप में नियुक्त कर लिया गया हैं। जबकि क्षेत्र में प्रशिक्षित रोजगार अपने रोजगार की तलाश में घूम रहे हैं। इसी प्रकार एक अतिथि शिक्षक को उनके लापरवाही एवं 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम आने पर हायर सेकंडरी विद्यालय से उन्हें पद से हटा दिया गया। परंतु उसी लापरवाह व्यक्ति को माध्यमिक शाला बिलगांव में नियुक्त कर लिया गया। इस तरह शासन के नियम निर्देशों का उल्लंघन किया गया हैं। सिधौली पीपर टोला में संचालित प्राथमिक शाला जहां भवन भी निर्मित हैं उसी शाला को कन्या प्राथमिक शाला में मर्ज कर दिया गया। इस संकुल क्षेत्र में दो प्राथमिक शाला भवन जर्जर होने की कारण जमींदोज करना पड़ा और अन्य शालाओं में मर्ज कर दिया गया। जिससे वहां के मासूम छात्रों को अधिक दूरी तय कर शाला पहुंचना पड़ रहा हैं। जिससे अभिभावकों को किसी अनहोनी की शंका बनी रहती हैं। इसी प्रकार प्राथमिक शाला आमगांव में एक शिक्षक पदस्थ हैं जोकि सालों से बीमारी से ग्रस्त हैं। संकुल प्राचार्य के अनुसार जानकारी लगी कि विगत सप्ताह में लकवा ग्रस्त हो गए हैं। जहां वर्तमान में एक अतिथि शिक्षक के भरोसे शाला का संचालन किया जा रहा हैं। इस प्रकार पूरी जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर में शैक्षणिक व्यवस्था चरमरा गई हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के गरीब छात्रों का भविष्य अंधकारमय होता नजर आ रहा हैं। इस प्रकार अव्यवस्थाओं के बीच शालाओं का संचालन में अनेकों नियंत्रणकर्ता पदस्थ हैं फिर भी शाला संचालन में निरंतर कोताही बरती जा रही हैं।

### 'इनका कहना हैं'

मैं अधिक जानकारी नहीं दे पाऊंगा फील्ड की जानकारी के लिए आपको जन शिक्षकों से संपर्क करना पड़ेगा।

**यशवंत कुमार मरावी**
**संकुल प्राचार्य सिधौली**
**मोहगांव**

जानकारी लेकर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**व्ही के चिचाम**
**विकासखंड**
**शिक्षा अधिकारी**
**अमरपुर**

# संविधान दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

महेंदवानी डिंडोरी



शासकीय महाविद्यालय मेहदवानी में दिनांक 26/11/2024 को प्राचार्य डॉ लेखराम कुर्मी के मार्गदर्शन में एनएसएस संयोजक डॉ गौरी सिंह परते के नेतृत्व में संविधान दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की, जिसमें संविधान दिवस पर भाषण, गीत, पोस्टर एवं निबंध लेखन पर छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। एक दिवसीय कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ डॉ शशिकांत चंदेला, डॉ सुरेश प्रसाद पाण्डेय, सुश्री माया कनासे, डॉ अलका अवस्थी, श्रीमती सुंदरवती यहके, श्रीमती अमृता सूर्यवंशी, एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहदवानी के परामर्श दाता सहित इस कार्यशाला में उपस्थित थे, एक दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित थे।

# जरूरतमंद बच्चों को जूते एवं मोजे का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज अमरपुर।



व्यापारी राजेश सोनी के द्वारा बढ़ते ठंड को मद्देनजर रखते हुए प्राथमिक शाला सी एम राईज विद्यालय अमरपुर में पहुंच कर अपने स्वेच्छा से जरूरतमंद बच्चों को जूते व मौजे वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त प्राथमिक शाला स्टाफ मौजूद रहा। विद्यालय अकादमिक प्रभारी मोहम्मद जाकिर खान के द्वारा इन्हें विद्यालय के समस्त स्टाफ की और से धन्यवाद प्रेषित किया गया।

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस



**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी में संविधान दिवस के 75 वर्ष पूर्ण होने पर ष हमारा संविधान -हमारा स्वाभिमान ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।सर्वप्रथम प्रातः कालीन असेंबली में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया इसके उपरांत निबंध ,भाषण ,चित्रकला , वाद विवाद एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य एस के द्विवेदी ने बताया है कि 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकृत एवं आत्म समर्पित किया गया था। 26 नवंबर 2024 को हमारे संविधान के 75 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं यह हम सभी भारतीयों के लिए गौरव एवं आत्मसम्मान का विषय है। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम की विभिन्न प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### कोतवाली पुलिस ने डीजे संचालकों की ली बैठक



**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** थाना कोतवाली में एसडीएम डिण्डौरी राम बाबू देवांगन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के.के.त्रिपाठी, थाना प्रभारी कोतवाली गिरवर उइके की उपस्थिति में थाना कोतवाली क्षेत्र के सभी डी.जे. बैंड संचालको कि बैठक रखी गई बैठक में डी.जे.को पूर्णतः बंद करने एवं स्पीकर को भी सीमित आवाज में बजाने हेतु हिदायत दिया जाकर निर्देशों का पालन न करने पर विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर कार्यवाही की जावेगी । साथ सभी संचालकों से अपील की गई है कि नियम का पालन करना अनिवार्य है, वाहन में अतिरिक्त डीजे नहीं निकालना है, इससे दुर्घटना की संभावना होती है। दिन-व-दिन बढ़ रहे ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए उक्त कार्यवाही आवश्यक है। प्रशासन की अनुमति के बिना डीजे, बैंड आदि बजाने वालों पर पूरी तरह से सख्ती की जावेगी। प्रशासन का इरादा किसी को परेशान करने का नहीं है, लेकिन अधिक तेज आवाज में बैड व डीजे बजाए जाने पर कार्रवाई संभव है। बिना परमीशन के बैंड व डीजे लगाने पर संबंधित प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा।


### सीएम राइज नरिया में मनाया गया संविधान दिवस



**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** नेहरू युवा केंद्र डिंडोरी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व सीएमराइज स्कूल नरिया के तत्वाधान में दिनांक 26.11.2024 को संविधान दिवस के कार्यक्रम का आयोजन सी.एम. राईज स्कूल नरिया में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें थाना प्रभारी यातायात सुभाष उईके , वंशबहोर, द्विवेदी प्रचार , अकबर सिंह धुर्वे सरपंच ग्राम पंचायत नारिया, मेक अध्यक्ष श्रीमती दयावती मरावी अध्यक्ष एस एम सी,श्री प्रवीण सोनकिया प्रधान अध्यापक मूलचंद मरावी लक्ष्मण सिंह परस्ते धर्म सिंह श्याम श्रीमती सुचेता झरिया श्रीमद् ज्योति परस्ते पंचवटी सरिता चमरू सिंह धुर्वे शैलेंद्र तिवारी लंबू सिंह परस्ते निधि पवैया मुकेश लोधी सुश्री तरुण वालेकर नेहरू युवा केन्द्र डिंडोरी से श्री आर.पी. कुशवाहा एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं डा. भीमराव अम्बेडकर जी के छायाचित्र में माल्यार्पण कर किया गया । कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को देश के संविधान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी । विदित हो कि आज ही के दिन वर्ष 1949 में संविधान सभा द्वारा कई चर्चाओं और संशोधनों के बाद हमारे संविधान को स्वीकार किया गया था, जिसे बनाये जाने में दो वर्ष 11 माह और 18 दिन का समय लगा ।

## खबर संक्षेप

### प्रतियोगिता में छात्र युवम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



नरसिंहपुर। सीबीएसई, सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स के द्वारा नरसिंहपुर जिले स्पेल बी के लिखित कामप्टीशन गाडरवारा सेंटर में किया गया। इस प्रतियोगिता में परीक्षा में छात्र युवम सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्र युवम सिंह एडवोकेट जितेन्द्र सिंह व चावरा स्कूल में शिक्षिका श्रीमती मुक्तेश्वरी सिंह के सुपुत्र व चैधरी जोगेंद्र सिंह एडवोकेट के नाती हैं। छात्र की उपलब्धि पर शैक्षणिक संस्थाओं ने खुशी जाहिर की है।

### अमृत महोत्सव कार्यक्रम मनाया

**गोटेगांव** नगर के स्थानीय नगर पालिका परिषद गोटेगांव द्वारा नेहरू प्राथमिक शाला में 75 वा संविधान दिवस महोत्सव मनाया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की मूर्ति का पूजन अर्चन किया उसके उपरांत संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर, संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई,कार्यक्रम में भारतीय संविधान की प्रस्तावना,भारतीय संविधान के मौलिक अधिकार और कर्तव्य के बारे में चर्चा की गई,उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर,दीपक सोनी,मनीष मिश्रा पत्रकार,राजस्व प्रभारी सुनील भनारे,बुधराज झारिया कमलेश पटेल सामुदायिक संगठन रचना ठाकुर,धर्मेन्द्र विश्वकर्मा रविशंकर पाठक,मधुकर त्रिपाठी संजय चांदोलिया,एवं स्व सहायता समूह की महिलाए,पीएम स्वनिधि नेहरु प्राथमिक शाला प्रधानपाठक मिथलेश श्रीवास्तव,अभिमन्यु कल्याण समिति संदीप रंजक अमिता मुडिया हर्षा ठाकुर, हर्षिता, शिवानी राजपूत, चंदनी राजपूत, रितू परसवार विवेक रंजक आदि उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस पर रैली निकाल कर किया जनजागरण

**तेंदूखेड़ा** संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय एकल माध्यमिक विद्यालय छत्तरपुर मे संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारत के संविधान के बारे में अनेक जानकारियां दी गईं। साथ ही बच्चों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया एवं रैली निकालकर संविधान के प्रति जागरूक किया गया। भारतीय संविधान के महत्व पर विचार प्रकट किए। संविधान के नियमों का पालन करते हुए प्रत्येक व्यक्ति अपने समाज और देश का उत्थान कर सकता है ।देश को आजादी के बाद सुव्यवस्थित संचालन के लिए 26 नवंबर 1949 को संविधान लागू किया गया। देश में संविधान की महत्ता को बढ़ाने के लिए इस दिन संविधान दिवस के रूप मनाया जा रहा है।चौधरी दीपसिंह ने संविधान की प्रस्तावना को सामूहिक वाचन कराया गया। कार्यक्रम में संविधान के प्रति बच्चों में जागरूकता पैदा करने भारतीय संविधान के महत्व व मौलिक अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी प्रदान करने में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए व संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस मौके पर संरपच भरत सिंह पंकज सिंह अंजली तिवारी सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### दो उचित मूल्य विक्रेता विहीन ग्राम पंचायतों के लिए आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के विकासखंड नरसिंहपुर की विक्रेता विहीन 2 ग्राम पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकान के आवंटन के लिए प्रक्रिया ऑनलाइन सम्पन्न की जायेगी। विकासखंड नरसिंहपुर में विक्रेता विहीन नवीन उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत इमलिया व गुड़वारा में आवंटित की जाना है। इस संबंध में पात्र संस्थायें 26 नवम्बर से 11 दिसम्बर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

## संभागायुक्त की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों की बैठक सम्पन्न

# जिले में 27 एवं 28 नवम्बर को लगाया जायेगा विशेष कैम्प

### मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में सहयोग के लिए की अपेक्षा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।





रोल प्रेक्षक एवं संभागायुक्त जबलपुर अभय वर्मा की अध्यक्षता में फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह, सहायक कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी तेंदूखेडा शुभम यादव, सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, राजनैतिक दलों से अमितेन्द्र नारोलिया, विनोद श्रीवास्तव, गोलू राय, प्रेमनारायण जाटव, गिरवर सिंह टंटवाल, दिनेश दुबे, नबाव ठाकुर, शब्बीर मंसूरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पटले ने फोटो निर्वाचक नामावली की गतिविधियों को विस्तार से बताया। बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों ने मतदान केन्द्रों में मतदाता संख्या अधिकतम 1200 किये जाने तथा मतदान केन्द्र रानी अवंतीबाई एवं शंकराचार्य वार्ड में मतदाताओं का सर्वे पुन करने, मतदाताओं को अपने निज निवास के मतदान केन्द्र में नाम दर्ज करने की बात कही। इस पर रोल प्रेक्षक एवं संभागायुक्त ने तहसीलदार नरसिंहपुर को पुन सर्वे कराने के निर्देश दिये। जनप्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचक नामावली के संबंध में जिले में दो दिवस का विशेष कैम्प आयोजित किये जाने की बात कही। इस पर संभागायुक्त ने जिले के मतदान केन्द्रों में 27 एवं 28 नवम्बर को विशेष कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये। साथ ही निर्देशित किया कि सभी बीएलओ अपने- अपने मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहकर निर्वाचक नामावली के फार्म 6, 7 एवं 8 प्राप्त करें। संभागायुक्त श्री वर्मा ने सभी राजनैतिक दलों से अपेक्षा की गई कि वे अपने दल की ओर से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके। सभी से अधिक से अधिक निर्वाचक नामावली में नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत तथा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम नामावली से पृथक करने में सहयोग करने की अपेक्षा की।





### कमिश्नर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं निर्माणाधीन सीएम राईज स्कूल का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** संभागायुक्त जबलपुर अभय वर्मा ने जिले के भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और निर्माणाधीन सीएम राईज स्कूल गोटेगांव का निरीक्षण मंगलवार को किया। इस दौरान उन्होंने यहाँ मौजूद संबंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिये। संभागायुक्त श्री वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोटेगांव के निरीक्षण के दौरान ओपीडी, नेत्र परीक्षण, टीकाकरण, पैथोलॉजी, एएनसी सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण कर यहाँ मौजूद स्वास्थ्य विभाग में अमले से आवश्यक जानकारी ली । उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में पर्याप्त साफ- सफाई रहे। मरीजों और उनके साथ आये परिजनों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही नहीं बरती जाये। निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल गोटेगांव के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री वर्मा ने उक्त निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ तय समय- सीमा में पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, एसडीएम श्रीमती देवंती परते और संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# संविधान दिवस पर व्याख्यानमाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



एम.आई.एम.टी. लॉ कॉलेज में संविधान दिवस के अवसर पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के चेयरमेन इंजी. रूद्रेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग की अध्यक्षता, आलोक तिवारी विभागाध्यक्ष विधि विभाग एवं जितेन्द्र ठाकुर प्रशासनिक अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। इंजी. रूद्रेश तिवारी ने संविधान की मेहती आवश्यकता पर बल देते हुये कहा कि आज का दिन वेहद अहम दिन है इसी दिन वर्ष 1949 में भारत की संविधान सभा द्वारा संविधान को अपनाया गया था। प्राचार्य गर्ग द्वारा संविधान के सम्मान एवं उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विभागाध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। व्याख्यानमाला के अंर्तगत संविधान दिवस का ऐतिहासिक परिदृश्य एवं उपयोगिता विषय पर सहा. प्राध्यापक द्वय आनन्द गुप्ता एवं प्रदीप पुरोहित द्वारा व्याख्यान दिया। छात्र प्रतिनिधियों की ओर से कु. शिल्पी पारासर एवं कु. सोनल साधवानी द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सुश्री विजेता सिधना सहा. प्राध्यापक ने किया।

### उत्कृष्ट विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता हुई आयोजित

**नरसिंहपुर।** उत्कृष्ट विद्यालय में गत दिवस जिला स्तरीय संविधान दिवस 2024 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दलीप कुमार , मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत , श्रीमती मृगाखी डेका पुलिस अधीक्षक विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुषमा तिवारी, पार्षद शास्त्री वार्ड , आर.एम.एस. ठाकुर, एल.एल. श्रीवास्तव, सेवानिवृत शिक्षक रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के पूजन अर्चन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। जी.एस.पटैल प्राचार्य द्वारा समस्त अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं को संविधान दिवस की रूपरेखा से अवगत कराते हुए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। संविधान दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में 40 छात्र-छात्राओं एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में 17 छात्र-छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता प्रदान की। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम कु. सौम्या विश्वकर्मा 11वी, द्वितीय कु. हिमानी रैकवार 09वी एवं तृतीय कु. वंदना साहू 11 वी ने एवं निबध प्रतियोगिता में प्रथम कु. खुशी कौरव 12वी, द्वितीय वंश रजक 11वी , तृतीय कु. रोशनी कौरव 12वी ने स्थान प्राप्त किया। तदोपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दलीप कुमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के द्वारा समस्त अतिथि गण, विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं समस्त छात्र-छात्राओं को संविधान की शपथ दिलाते हुए समस्त छात्र-छात्राओं को संविधान निर्माण की आवश्ध्यकता, प्रक्रिया एवं संविधान की उद्धेशिका से अवगत कराया। डॉ. अशोक कुमार उदेनिया ने संविधान की विषय-वस्ध्तु से अवगत कराते हुए नरसिंहपुर जिले से संविधान सभा में चुने गये सदस्य श्री कामथ जी के विषय में बताया गया।




### नपा में संविधान दिवस मनाया गया



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर पालिका में संविधान दिवस मनाया गया। माँ सरस्वती जी व भीमराव अम्बेडकर जी की पूजन माल्यार्पण इत्यादि के बाद नगर के वयोवृद्ध रमाकांत गुप्ता एवं गेंदालाल महोविया का सम्मान किया गया। नीलम चैहान सीएमओ द्वारा स्वागत एवं प्रस्तावना भाषण दिया गया। आभार प्रदर्शन कार्यालय अधीक्षक रामकुमार नामदेव द्वारा किया। इस अवसर पर अध्यक्ष नीरज महाराज, अजीत ठाकुर उपाध्यक्ष, पार्षद सुषमा तिवारी, पार्षद बबिता जाट, पार्षद गुड्डा साहू ,पार्षद सौरभ ठाकुर, कपिल रेकवार, सुमित रेकवार ,शिशिर जेन, अभिनव शर्मा, ए ई पुरसोत्तम बाढ़बुदे, एस ई प्रदीप नगायच, एवं गणमान्य नागरिक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया संविधान की उद्देशिका का वाचन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



संविधान दिवस पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की उद्देशिका का वाचन कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई हॉल में किया। इस दौरान मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों ने भी संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। इस अवसर पर संविधान की वीडियो क्लिप भी दिखाई गई। उल्लेखनीय है कि देश में 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के बाद तैयार किया गया संविधान 26 नवम्बर 1949 को अपनाया गया था। इसके बाद देश में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था। संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान की जानकारी के प्रति जन-जागरूकता के लिये 26 नवम्बर 2024 से वर्ष भर चलने वाला हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान आज से शुरू हो गया है।

# संविधान का अमृत महोत्सव दिवस पर हुये विविध आयोजन

तेंदूखेड़ा



भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को अपने अंतिम अधिवेशन में पारित करके राष्ट्र को समर्पित किया गया था, इस प्रकार भारतीय संविधान के निर्माण को 75 बर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस अवसर पर पूरा देश भारतीय संविधान का अमृत महोत्सव मना रहा है । सर्वोदय उ मा विद्यालय में विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी और संविधान की प्रस्तावना का बाचन किया गया । इस अवसर विद्यालय के प्राचार्य कमल कुमार शास्त्री ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत का संविधान संविधान निर्मात्री सभा द्वारा किया गया था 299 सदस्यीय संविधान सभा द्वारा संविधान का निर्माण 2 बर्ष 11 माह और 18 दिन में किया गया। संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर 1946 को हुई थी और अंतिम बैठक 26 नवम्बर 1949 को हुई जिसमें संविधान को अंतिम रुप से पारित किया गया। संविधान सभा के सभापति डा राजेन्द्र प्रसाद जी थे एवं संविधान सभा की प्रारुप समिति के अध्यक्ष डा भीमराव आंबेडकर जी थे।भारतीय संविधान विश्व का सबसे बडा संविधान है जिसमें 395 अनुच्छेद है। भारतीय संविधान में सभी वर्गों के विकास को समान अवसर देने की व्यवस्था की गयी है। उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार रखेऔर वताया कि हमें अपने संविधान पर गर्व है।

### मानव श्रृंखला बनाकर दी संविधान की जानकारी*

26 नवम्बर संविधान दिवस पर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में विविध आयोजन हुये स्कूली बच्चों को संविधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी वहीं छात्र छात्राओं ने पोस्टर चित्रकला प्रतियोगिताओं में भाग लिया। महिला महाविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को संविधान के महत्व के संबंध में शपथ दिलाते हुये जागरूक किया गया। भारतीय संविधान के संबंध में परिचर्चा आयोजित की गयी । छात्राओं के बीच संविधान से संबंधित पेंटिग पोस्टर आदि की प्रतियोगितायें आयोजित की गई महाविद्यालय में संविधान के महत्व पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी । संविधान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर संविधान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. निशा जाटव द्वितीय स्थान कु. वंशिका साहू तृतीय स्थान कु. प्रियांशी पटैल, कु. मुस्कान पटैल एवं अन्य छात्राओं को सांत्वना पुरूस्कार दिये गये। भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं को भी सांत्वना पुरूस्कार दिये गये । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रबंधक समस्त छात्राओं और समस्त स्टाफ की सहभागिता रही ।

### आठ स्कूलों के 60 छात्रों ने चित्रकला प्रतियोगिता में लिया भाग



**तेंदूखेड़ा** पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका ने जिले में एक नवाचार प्रस्तुत करते हुए संविधान दिवस के अवसर पर मेरा देश मेरा गर्व एवं कर्म ही पूजा है विषय पर स्कूली छात्र एवं छात्राओं की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित हुई इस परीक्षा में आठ विद्यालय के 60 छात्रों ने भाग लिया। जिनमें इमझिरा सर्रा पलोहा बड़ा स्कूलों के साथ साथ तेंदूखेड़ा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या हायर सेकेण्डरी सरस्वती शिशु मंदिर और सर्वोदय विद्यालय के छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। सुबह 11 बजे से 02 बजे तक एस डी ओ पी मधुर पटैरिया एवं नगर निरीक्षक बलबीर सिंह चौधरी की देखरेख में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता मे कक्षा 8 वी से 12 वी तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को 1500 रूपये द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 1000 एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 500 रूपये का नगद पुरूस्कार प्रदान किया जावेगा। इसके लिए अलग अलग निर्णायक मंडल बनाये गये हैं जो चित्रकला प्रतियोगिता को प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान देंगे।

# गोटेगांव पुलिस द्वारा नशा मुक्ति हेतु जन चौपाल आयोजित



गोटेगांव

गोटेगांव के ग्राम जमुनिया में नशा मुक्ति जन चेतना अभियान के तहत गोटेगांव पुलिस ने जन चौपाल का आयोजन किया,जिसमें पुलिस एसडीओपी भावना मरावी,थाना प्रभारी प्रदीप सराफ द्वारा आमजनों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी गई एवं नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया है, वही नशा मुक्ति हेतु चलाए जा रहे जन चेतना अभियान की नागरिकों द्वारा सराहना की गई ,वहीं थाना प्रभारी प्रदीप सराफ ने नशा मुक्ति का संदेश नागरिकों को दिया इसके उपरान्त पुलिस विभाग एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य और नागरिकों द्वारा आमजनों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी गई एवं नशे पीड़ित व्यक्तियों को नशा छोडने के उपाय बताये और उनको नशा से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया।नागरिकों को नशा से दूर रहने दिलाई शपथकार्यक्रम के दौरान नशे का सेवन करने वाले व्यक्तियों को पुलिस थाना प्रभारी प्रदीप सराफ द्वारा समाजिक संगठन के सदस्यों एवं नागरिकों के समक्ष नशा छोडने की शपथ दिलाई गयी एवं उनके द्वारा अन्य व्यक्तियों को भी नशे से दूर रहने हेतु संदेश दिया गया। इस अवसर पर गोटेगांव पुलिस एसडीओपी भावना मरावी,थाना प्रभारी नगर निरीक्षक प्रदीप सराफ,उप निरीक्षक गौरव नेमा,आरक्षक चंद्रप्रकाश पटले सहित अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सरस्वती स्कूल में संविधान दिवस पर छात्रों को जानकारी दी

गोटेगांव



नगर के स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संविधान दिवस पर प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता व आचार्य परिवार ने दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ कक्षा पंचम चतुर्थ के भैया बहनों में कामिनी राजपूत ने संविधान के अधिकार का वर्णन किया समानता स्वतंत्रता शोषण धार्मिक स्वतंत्रता शिखा साहू ने भारत का संविधान 251 पेज का है जिसे 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने पारित किया था परिधि यादव ने संविधान की धाराएं बताई 448 अनुच्छेद 25 भागों में बांटा गया है आठ अनुसूचियां हैं जो अब बढ़कर 12 हो गई है प्रियंका पटेल रिद्धि पटेल जिया साहू वंशिका लोधी तन्मय साहिल प्रवीण रूपेश ने कहा संविधान लिखित दस्तावेज है जिसमें कानून सरकार की शक्तियां व्यवस्था अनुच्छेद अनुसूचियां है भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा है इसमें समानता स्वतंत्रता धार्मिक स्वतंत्रता संस्कृति और शिक्षा के अधिकार दिए गए,आचार्य किशोर शुक्ला, कल्पना चौरसिया,मोनिका मिश्रा, प्रतिभा पाठक,तुलसा नामदेव आदि ने प्रस्तुति दी कार्यक्रम में संजय जैन,सरदार पटेल,ज्योति अवस्थी,पूजा यादव,पूजा पटेल,सुलेखा सोनी, अंजना दीक्षित एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।